भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 23.09.2022

आरेडिका में राजभाषा पखवाड़ा पुरस्कारों का वितरण

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री सुरेश कुमार सैनी के नेतृत्व में राजभाषा क्रियान्वयन, प्रचार प्रसार हेतु राजभाषा पखवाड़ा के आयोजन के दौरान चल रहे कार्यक्रमों में आज दिनांक 23.09.2022 को मुख्य अतिथि आरेडिका महाप्रबंधक, श्री एस.एस. कलसी के द्वारा 'विभिन्न प्रतियोगियों को पुरस्कार प्रदान किये गये।

महाप्रबंधक महोदय,ने अपने सम्बोधन में कहा कि, हम सब क क्षेत्र में रहते हैं। हम सबको राजभाषा में कार्य करते हुए गर्व का अनुभव करना चाहिए। हम सब संकल्प लें कि हम अपने दैनिक कामों अधिक से अधिक हिंदी का प्रयोग करेंगें।

महाप्रबंधक महोदय, ने आरेडिका के मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री सुरेश कुमार सैनी, एवं राजभाषा अधिकारी श्री संजय निगम के नेतृत्व में राजभाषा विभाग द्वारा किए जा रहे सराहनीय कार्यों के लिए के नगद पुरस्कार की घोषणा की ।

घरेलू कवि सम्मेलन के लिए श्री अशोक कुमार गुप्ता एईडीपीएम ने प्रथम एवं विवेकानंद व्यास तकनीशियन ने द्वितीय और सुरेश कुमार तकनीशियन, ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।पत्र लेखन में शिखा रावत कार्य0 अधीक्षक, मो0 जीशान वरि0अनु0 अभि0,सौरव सचान टी0सी0एम0 ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है।

निबंध लेखन प्रतियोगिता में सौरव सचान टी0सी0एम0ने प्रथम और मो0 जीशान वरि0अनु0 अभि0 ने द्वितीय, और शिखा रावत कार्य0 अधीक्षक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है।तकनीकी शब्दावली में राहुल कुमार आशुलिपिक प्रथम,आर्दश सिंह बघेल द्वितीय सौरभ सचान तृतीय स्थान पर रहे।

प्रश्नोत्तरी में आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ग्रुप ने प्रथम और भारतेंदु हरिश्चन्द ग्रुप ने द्वितीय और मुन्शी प्रेम चन्द ग्रुप ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस अवसर पर आरेडिका के उच्च अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

23/9/2022

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी